जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे

जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे,
नैनो से घायल करे श्याम नैनो से घायल करे
जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे.....

मोटे मोटे नैनो से जब नज़र डारे जिस पर ये,
ऐसा जादूगर है सांवरा रखता सबको कब्ज़े में,
श्याम लगन में जीवन भर वो श्यामा श्यामा गाये रे,
जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे....

श्याम का जादू चला था शिव पर नारी बनकर नाचे थे,
लाख मन किया गौरा माँ ने खुद को रोक ना पाए थे,
देख कर अपना रंग शिव पर सांवरे मुस्काये रे,
जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे....

मीराबाई पे चला था जादू छोड़ दिया घर बार रे,
श्याम की चाहत में विष प्याला पी गई एक ही सांस में,
राही दयालु मेरा सांवरा हर पल सबके साथ रे,
जादूगर मेरा सांवरा नैनो से घायल करे.....

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/26599/title/jadugar-mera-sanwra-naino-se-ghayal-kare

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |